प्रदेश में पराली जलाने में अंबाला 56 केस के साथ सबसे आगे, कुरुक्षेत्र दूसरे नंबर पर

चर्चा में क्यों?

10 अक्तूबर, 2023 को हरियाणा के कृषि विभाग के उप निदेशक जसविंदर सिंह ने बताया कि हरियाणा में पराली के अवशेष जलाने में अंबाला नंबर एक पर पहुँच गया है। कुरुक्षेत्र दूसरे नंबर है।

प्रमुख बिंदु

- अंबाला में आठ अक्तूबर तक 56 केस पराली जलाने के आ चुके हैं। इसी तरह कुरुक्षेत्र में 49 मामले पराली जलाने के आ चुके हैं। प्रदेश में 22 ज़िलों में से 14 ज़िले के किसान पराली जला रहे हैं।
- पराली जलाने से रोकने के लिये कृषि विभाग जागरूक कर रहा है। साथ ही चालान काटकर जुर्माना भी लगाया जा रहा है। चालान काटने को लेकर सबसे ज्यादा परेशानी अंबाला में आ रही है। चालान काटने को लेकर भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह इसका लगातार विरोध कर रहे हैं।
- यूनियन का कहना है कि अगर प्रशासन उनके खेत से पराली उठा लेता है तो ठीक, नहीं तो वह पराली को आग लगाएंगे। यूनियन की इस चेतावनी के बाद प्रशासन भी सख्त हो गया है। लगातार टीम फील्ड में चालान काटे जा रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ambala-leads-with-56-cases-in-stubble-burning-in-the-state-kurukshetra-at-second-place